पचास जनजातीय विद्यार्थियों ने किया मैपकास्ट और साइंस सेंटर का भ्रमण

जनजातीय संग्रहालय में छात्र-छात्राओं ने समझी अपनी कला व संस्कृति

भोपाल(काप्र)।

जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित सी.एम. राइज विद्यालय और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के बैतूल से आए 50 जनजातीय विद्यार्थियों ने गुरुवार को मैपकास्ट और क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र का भ्रमण किया। इन्हें मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय का भ्रमण भी कराया गया जिससे वे अपनी कला व संस्कृति से परिचित हुए।

मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और आई.आई.टी. गांधी नगर द्वारा नेहरू नगर में स्थापित एस.टी.ई.एम. वर्कशॉप सेंटर में विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान और अभ्यास की जानकारी दी गई। 2 घंटे के शो में न्यूटन के नियम, बर्नोली के प्रमेय और बिजली उत्पादन आदि से संबंधित प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों ने भी सहभागिता की। उन्होंने एस.टी.ई.एम. पर आधारित गैलरी का भी अवलोकन किया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा जगाना रहा। क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र भ्रमण के दौरान विज्ञान के क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न क्रियात्मक शोधों के विषय में विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। उन्हें तारामंडल, 3डी वीडियो और अन्य विज्ञान संबंधी जानकारी भी दी गईं। इस भ्रमण से इन जनजातीय विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धक जानकारी प्राप्त हुई और उनमें सीखने की ललक पैदा हुई।

गोदरेज लॉक्स का लक्ष्य है डिजिटल लॉक बाजार में अपनी आय 10प्रतिशत तक बढ़ाना

मुंबई । डिजिटल नवोन्मेष से प्रेरित आज के दौर में, गोदरेज समूह की प्रमुख कंपनी, गोदरेज एंड बॉयस का व्यवसाय गोदरेज लॉक्स ने वित्त वर्ष 2025 तक बाजार हिस्सेदारी को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने का लक्ष्य रखा है और वह अपने डिजिटल लॉकिंग समाधानों को निरंतर विस्तार कर रही है। इस 125 साल से अधिक पुराने ब्रांड को उम्मीद है कि 25 से अधिक नए उत्पादों के साथ वह बाजार पर हावी होगा, जिनमें से 50प्रतिशत से अधिक जंप एंड लीप इनोवेशन से आएंगे। गोदरेज लॉक्स की एक हालिया रिपोर्ट– लाइव सेफ, लिव फ्री में यह पाया गया कि दो तिहाई से अधिक उत्तरदाता अपने घर की सुरक्षा के लिए स्मार्ट लॉक का उपयोग करते हैं। यह अध्ययन राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों में दर्ज सुरक्षा की दृष्टि से 5 प्रमुख संवेदनशील शहरों, अर्थात् मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, भोपाल और बेंगलोर में किया गया था। उन्नत सुरक्षा के साथ सुविधा प्रदान करने वाली स्मार्ट होम तकनीक और डिजिटल होम सुरक्षा समाधानों को अपनाने के साथ, गोदरेज लॉक्स इस विशेष श्रेणी को बढ़ाने पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहा है। फिलहाल, डिजिटल लॉक की आय में हिस्सेदारी 4प्रतिशत है और इस व्यवसाय इकाई का लक्ष्य है इसे अगले तीन साल में इसे बढ़ाकर लगभग 20प्रतिशत करना।

सेक्ट कालेज में जिला स्तरीय पुरुष वर्ग खो - खो प्रतियोगिता का आयोजन

भोपाल। मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आंतरमहाविद्यालयीन जिलास्तरीय खो – खो प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन सेक्ट महाविद्यालय एवं स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के परिसर में आयोजित किया गया।

प्रतियोगिता में दूसरे दिन पुरुष वर्ग खो – खो जिलास्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई, इस प्रतियोगिता में भोपाल जिले के लगभग 10 महाविद्यालयों की टीम जिनके नाम आर. आई कॉलेज, आई इ. सी कालेज, डॉ. श्यामाप्रसाद कालेज, एम.एल.बी कालेज, वी.एन.एस. कॉलेज, एन.आर.आई कॉलेज, आई.पी.सी. कॉलेज, यू.टी.डी. कालेज ने भाग लिया। खो – खो पुरुष वर्ग प्रतियोगिता का फाइनल आई.पी.सी. कॉलेज एवं वी.एन.एस में खेला गया, जिसमें आई.पी.सी. कॉलेज विजेता रहा तथा एन.आर.आई कालेज उपविजेता रहा।

दो दिवसीय कार्यक्रम के समापन समारोह में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ. आलोक मिश्रा एवं स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के वाइस चान्सलर डॉ. अजय भूषण एवं अन्य विशिष्ठगण मौजूद रहे। विशिष्ठ अतिथियों के द्वारा विजेता एवं उपविजेताओ को मेडल एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र खरे के द्वारा सभी महानुभवों एवं आयोजित समितियो का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सेक्ट महाविद्यालय के स्पोर्ट्स ऑफिसर ममलेश कर्मा व नलिनी खरे एवं समस्त फैकल्टी स्टाफ उपस्थित रहे।

सप्ताह का प्रादर्शः मानव संग्रहालय में डंगसा-बेंत की एक टोकरी

भोपाल। इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के नवीन श्रृंखला सप्ताह का प्रादर्श के अंतर्गत आज दिसम्बर ,माह के चतुर्थ सप्ताह के प्रादर्श के रूप में डंगसा-बेंत की एक टोकरी मोन, नागालैंड के कोन्याक नागा समुदाय, से संग्रहालय द्वारा सन,1998 में संकलित किया गया है। इस प्रादर्श को इस सप्ताह दर्शकों के मध्य प्रदर्शित किया गया।

इस सम्बन्ध में संग्रहालय के निदेशक डॉ.अमिताभ पाण्डे ने बताया कि डांग्सा खोपड़ी से सुसज्जित एक टोकरी है जो आयताकार आधार के साथ एक अण्डाकार रिम तक बांस की पतली पट्टियों से षटकोणीय बुनाई में बुनी गई है। कंधे पर लटकाने के लिए इसमें एक पट्टा होता है। टोकरी की बाहरी सतह पत्ते से ढकी हुई है और इसके सामने वाले हिस्से में पाँच बंदरों की खोपड़ियाँ जुड़ी हुई हैं। इसका उपयोग निजी सामान ले जाने के लिए किया जाता है। यह नागा समुदायों में प्रचलित मुंडाखेट की प्रथा के प्रचलन के दिनों में मुंड प्राप्त करने वालों की सफलता के प्रतीक चिन्हों में से एक है।

आयुष चिकित्सा पद्धति के विस्तार के लिए जिला अस्पताल में आयुष विंग का संचालन

भोपाल (काप्र)। आयुष चिकित्सा पद्धति के विस्तार के लिये आयुष विभाग द्वारा मानव संसाधन और अधोसंरचना विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

विभाग द्वारा रिक्त पदों की भर्ती पर तेजी से कार्यवाही की जा रही है।शासकीय आयुष औषधालयों और चिकित्सालयों में राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से 763 आयुष चिकित्सा अधिकारी के रिक्त पदों की पूर्ति की कार्यवाही अंतिम चरण में है। शेष रिक्त पदों की पूर्ति कर्मचारी चयन मण्डल से चयनित प्रतीक्षा सूची से की जा रही है। राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत अधोसंरचना के कार्यों को भी प्रमुखता से पूरा किया जा रहा है। प्रदेश में 238 आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर बनाये जा रहे है। इसके साथ ही 50 बिस्तरीय चिकित्सालयों में 10 भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। विभाग द्वारा 22 आयुष विंग का संचालन शीघ्र शुरू किया जा रहा है। यह विंग प्रदेश के एलोपैथी चिकित्सालय में विकल्प के आधार पर भारतीय चिकित्सा पद्धति के अनुसार स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है। राज्य में 102 आयुष औषधालयों के भवन निर्माण कार्य पूर्ण कराये जा चुके हैं। प्रदेश में 5 जिला आयुष कार्यालय के भवनों का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। आयुष विभाग की संरचना को मजबूती देने के लिये आयुष विभाग द्वारा रोडमैप बनाकर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

विवांता इंडस्ट्रीज लिमिटेड ट्रिनिटी में निवेश मॉडल पर बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक आज

भोपाल। कन्सल्टसी और टर्नकी समाधान प्रदान करनेवाली अहमदाबाद स्थित विवांता इंडस्ट्रीज लिमिटेड (बीएसई – 541735) ट्रिनिटी गणेश प्राइवेट लिमिटेड (जो पहले गणेश कॉर्पोरेशन के नाम से जानी जाती थी) में निवेश पर विचार कर रही है।

शेयर स्वैप अनुपात पर विचार और प्रस्ताव का अनुमोदन करने और ट्रिनिटी गणेश प्राइवेट लिमिटेड में निवेश मॉडल पर आगे चर्चा करने के लिए बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स की बैठक शुक्रवार, 29 दिसंबर को होगी। कंपनी नेक्स्ट जनरेशन तकनीकी व्यवसायों जैसेकि ड्रोन, इन्फोर्मेशन टेक्नोलोजी, एआई और रोबोटिक्स, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन सहित अन्य क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ संचालन मे परिवर्तन लाने का लक्ष्य रखा है। कंपनी ने पहले ही ड्रोन और ईवी बिजनेस पर काम शुरू कर दिया है और आने वाले समय में इसे बड़ा बनाने का लक्ष्य है। 2013 में स्थापित, विवांता इंडस्ट्रीज लिमिटेड एक सिविल निर्माण और इंजीनियरिंग कंपनी है जो भूमि सर्वेक्षण और खरीद, परियोजना डिजाइनिंग, वित्तीय अध्ययन, फंडिंग और विपणन सेवाओं सहित कई प्रकार की सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी ने विशेष रूप से फार्मास्यूटिकल्स, कृषि आधारित उर्वरक परियोजनाओं, औद्योगिक पार्क में टर्नकी परियोजनाओं को क्रियान्वित किया है। कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हैं। कंपनी के पास (1) एप्लाइड इंटेलिजेंस की शक्ति और (2) हर डिजाइन में निर्मित उत्कृष्टता और नवाचार के माध्यम से प्रोजेक्ट कंसल्टेंसी में 6 साल से अधिक का अनुभव है। इस तकनीक का कई परियोजनाओं में सफलतापूर्वक व्यावसायीकरण किया गया है जिसका दुनिया भर में विपणन जारी है। सितंबर 2023 में, कंपनी ने विवांता ड्रोन रिसर्च सेंटर तंजानिया लिमिटेड के साथ इन-प्रिंसिपल एमओयु किया था। विवांता इंडस्ट्रीज लिमिटेड असेंबली लाइन के साथ-साथ ड्रोन के अनुसंधान एवं विकास के लिए वीडीआरसीटीएल में 50प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी।

लॉफिंग ज़ोन

पिता (पुत्री से)- क्या तुमने कभी नींद में कोई ऐसा काम किया है जिससे मेरा सिर ऊंचा हुआ हो?

पुत्री- याद करके, हां पापा एक बार मैंने आपके सिर के नीचे 3 तकिये रखे थे।

मिनी (दादी से)- क्या आप एक्टिंग भी करती हैं?

दादी (मिनी से)- नही तो लेकिन क्यों?

मिनी- सुबह मां पिताजी से कह रही थी कि यदि आप यहां रहीं तो ड्रामा तो जरूर होगा।

अध्यापिका (छात्र से)- टेस्ट याद है?

छात्र- मैडम मैं जैसे ही पढ़ने बैठा तो लाइट चली गयी, बाद में मैं इस डर से पढ़ने नही बैठा की कहीं मेरी वजह से फिर लाइट न चली जाये।

अध्यापक (छात्र से)- तुमने होम वर्क क्यों नही किया?

छात्र- सर मैं तो हॉस्टल में रहता हूं।

मां (बेटे से)- उठ जा कम्बख्त देख सूरज कब का निकल आया है...

बेटा (मां से)- तो क्या हुआ मां वो सोता भी तो मुझ से पहले है।

सूडोकु नववाल- 5428

★★★★☆ मध्यम

2	9			5				4
4			2		7		8	
	1	6		8				3
8		5		9				7
3	6			2			1	9
1				3		5		2
5				7		6	3	
	3		1		8			5
9				6			2	1

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नववाल - 5427 का हल

7	8	1	6	9	4	2	5	3
2	6	4	5	3	6	1	7	9
5	3	9	1	2	7	4	6	8
9	5	8	7	4	1	3	2	6
1	2	3	9	5	6	7	8	4
4	7	6	3	8	2	9	1	5
3	9	7	2	6	5	8	4	1
6	4	2	8	1	9	5	3	7
8	1	5	4	7	3	6	9	2

काकुरो पहेली - 5428

MANGAL SENACHA, BANGALORE



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16



काकुरो - 5427 का हल

MANGAL SENCHA,P.B.NO.3009, BANGALORE-30

अष्टयोग-5428

	3	2	4		6	5
3	30		24	2	30	
		3	4			2
5	35		37		29	
	1	5		6		7
	31		40	4	33	
1		4				3

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5427 का हल

4	7	3	6	5	2	1
1	34	6	38	2	25	3
5	1	7	3	6	2	4
6	30	1	33	3	34	5
3	5	2	4	7	1	6
7	31	4	31	4	34	2
2	3	5	4	1	6	7

शब्द पहेली - 5428

बाएँ से दाएँ

1. अरुचि, अभाव-4
3. गला, ग्रीवा-4
6. ब्रह्मा, तुच्छ व्यक्ति-3
7. प्रश्नोत्तर, वाद-विवाद-3,3
8. लोहे का एक पुराना हथियार, भीम व हनुमानजी का प्रिय हथियार-2
9. थोड़ा, अल्प-2
10. निद्रा, शय्या-3
11. वार, लड़ाई, आक्रमण-3
12. 'बहन' में एक शब्द-2
15. बल, शक्ति-2
16. प्रारंभिक कार्य, प्रथम प्रयास-3,3
17. आसान, सहन-3
18. तुरंत का पैदा हुआ, नया-4
19. तिरस्कार-4

ऊपर से नीचे

1. मौका, सुयोग-4
2. कमल की पंखुड़ी सी आँखों वाला-3,3
3. जुल्म, आफत, अत्याचार-3
4. क्रिकेट की संख्या-2
5. गुजरात की एक नदी-3
6. जनता, लोग-3
8. बाल्टी जैसा मिट्टी का बरतन जिसमें फूलों के पौधे लगाये जाते हैं-3
9. तैयार होना, उद्यत होना-3,3
10. नगर-3
13. गढ़, किला, राजा का घर-3
14. जमीनवाला-4
15. जवानी, यौवन-3
16. तह, स्तर, पुट-3
17. जुर्माना, कैद-2

शब्द पहेली -5427 का हल

■ मंगल सेनचा, बैंगलोर

शब्दजाल - 5428

अ	ज	ग	र	ग	द	रि	सि	या	र	क
दा	वि	ल	ग	व	जी	ग	द	इ	ता	ली
गि	स	शे	ल	बा	छ	ची	ता	रा	क	क
री	ज	र	दो	पु	ज	न	ह	न	त	क
क	खु	दो	भा	लू	लं	का	म	ग	व	क
जी	द	ल	प	य	ख	पू	ना	हि	र	को
ती	लो	म	ड़ी	या	प	र	श	र	र	ल
क	र्ज	ल्जा	ई	धा	ब	क	गो	लो	श	ण
ने	बा	म	न्न	ग्रा	ह	त्या	री	श	प	क
तें	दु	आ	प	व	जी	र्त	ऐ	बें	हा	त
क	दु	ल्हे	रा	नी	ल	गा	य	द	प	थ

शब्द जाल में 10 जंगली जानवरों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.

शेर, लोमड़ी, सियार, भालू, खरगोश, अजगर, चीता, तेंदुआ, हिरण, नीलगाय

शब्दजाल - 5427 का हल

फिल्म वर्ग पहेली- 5428

ऊपर से नीचे:-

1. ऋषि, अनिल, श्रीदेवी की फिल्म-4
2. 'नील गगन पे उड़ते बादल आ' गीत वाली फिल्म-4
3. फिल्म 'मि. बॉण्ड' में अक्षयकुमार के साथ नायिका कौन थी-2
4. जीतेंद्र, रीना राय, रामेश्वरी की 'धक धक से धड़कना' गीत वाली फिल्म-2
5. 'सपनों का शहर हो' गीत वाली अरशद वारसी, महिमा चौधरी की फिल्म-3
8. सुष्मिता की पहली फिल्म ?-3
10. 'चूड़े वाली छमिया मिला नैन रे' गीत वाली सनी, जयाप्रदा की फिल्म-3
13. विनोद खन्ना, बिन्दू की 'दिल करने लगा है प्यार तुम्हें' गीत वाली फिल्म-3
15. 'जीना तेरी बाहों' गीत वाली सुनील शेट्टी, इंद्रकुमार, नम्रता की फिल्म-3
17. प्रदीपकुमार, नर्गिस की 'दिल की गिरह खोल दो' गीत वाली फिल्म-2,2,2
18. 'नजर के सामने जिगर' गीत वाली राहुल राय, अनु अग्रवाल की फिल्म-3
19. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'डफली वाले डफली बजा' गीत वाली फिल्म-4
21. 'गोरी जो मटके बालों' गीत वाली सुनील, रवीना, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-3
23. राजेंद्र कुमार, राखी की 'तुम मेरी हो मेरे सिवा किसी' गीत वाली फिल्म-2,2
26. 'हर एक घर में दिया' गीत वाली संजय सूरी, रेवती, गुल पनाग की फिल्म-2
28. सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'अभी साँस लेने की' गीत वाली फिल्म-2

बायें से दायें:-

1. 'बरसो रे मेघा' गीत वाली फिल्म-2
2. राजेशखन्ना, धर्मेन्द्र, वहीदा की फिल्म-3
4. 'नींद कभी रहती थी आँखों में' गीत वाली फिल्म-3
6. राज सोलंकी, हिना रहमान, पायल की फिल्म-2
7. 'कहना है जो दिल से कहो' गीत वाली फिल्म-4
9. संजीवकुमार, नूतन की फिल्म-2
11. 'हम और तुम तुम और' गीत वाली फिल्म-2
12. अभिषेक, भूमिका की फिल्म-2
14. 'कुछ लोग यहाँ पर ऐसे हैं' गीत वाली फिल्म-4
15. मकरंद देशपांडे, शबाना, श्वेता की फिल्म-3
16. 'जब आती होगी याद मेरी' गीत वाली फिल्म-2
17. संजय कपूर, माधुरी की फिल्म-2
19. 'ओ रूपनगर के सौदागर' गीत वाली फिल्म-2
20. अनिल धवन, रेहाना की फिल्म-2,2
22. 'पर्दे में रहने दो पर्दा ना' गीत वाली फिल्म-3
24. सुनील दत्त, साधना की फिल्म-3
25. 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-3
26. अभिषेक, उदय, एशा की फिल्म-2
27. 'शरमाए काहे घबराये' गीत वाली फिल्म-2
29. आमिर, माधुरी दीक्षित की फिल्म-2
30. 'लगन लागी मन की लगन' गीत वाली फिल्म-2
31. फिल्म 'मनोरंजन' में नायिका कौन थी-3
32. शाहरूख, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-2

फिल्म वर्ग पहेली- 5427 का हल

■ मंगल सेनचा, बैंगलोर